सेक्टर-6 सड़क 34 में बनेगा डोम शेड एवं शौचालय, महापौर ने पहुंचकर की कार्य की शुरुआत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 57 के सड़क 34 में डोम शेड एवं शौचालय का निर्माण जाएगा। कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य साकेत चंद्राकर एवं वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में होने वाले निर्माण कार्य की शुरुआत की। 28 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को सहूलियत मिल सकेगी। लोगो के बीच सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए विधिवत कार्य की शुरुआत की गई। वार्ड 57 मे अधोसंरचना मद से होने वाले कार्य को लेकर वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वार्ड में लंबे समय से मंच के पास डोम शेड की मांग की जा रही थी जिसका भूमिपूजन होने के बाद जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा , महापौर श्री यादव ने उपस्थित अभियंता को शीघ्रता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है ताकि लोगों को डोम शेड का लाभ मिल सके। भिलाई निगम के जोन कं. 05 अंतर्गत वार्ड 57 सेक्टर - 06 के सड़क 34 में मंच के पास डोम शेड बनाया जाएगा जिसके कार्य की शुरुआत आज महापौर ने वार्ड में पहुंचकर किया। वार्ड पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य साकेत चंद्राकर ने बताया कि अधोसंरचना मद से कार्य की स्वीकृति हुई है। 28.50 लाख की लागत से शेड निमार्ण कार्य किया जाएगा। वार्ड के नागरिकों ने महापौर से धार्मिक , सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए डोम शेड की मांग की थी , जिस पर महापौर द्वारा कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा कराई गई है। इसके अलावा मंच के पास ही प्रसाधन की सुविधा के लिए एक शौचालय बनाया जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि डोम शेड निर्माण से विभिन्न आयोजन के लिए छाया मिलेगी तथा बारिश में भी कार्य संपन्न किए जा सकेंगे उन्होंने वार्डवासियों को बधाई दी। इस दौरान वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिक एवं निगम के अधिकारी उपस्थित थे!